RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 30 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 97 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# बीएमसी टेंडर में घोटाले पर एफआईआर

## संस्था के अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने टेंडर लेने के लिए फर्जी बैंक गैरन्टी देने के मामले में संस्था के अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मुंबई महानगर पालिका के आर उत्तर विभाग ने मामले में एमएचबी पुलिस थाने में धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करवाया है। शिकायत के मुताबिक मामले में मनपा के राहुल गाड़े नामक अधिकारी ने एफआईआर दर्ज करवाया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि हैदर हुसैन नामक शख्स ने अब्बासिया नागरी सेवा सहकारी संस्था मर्यादित की तरफ से मंगाए गए। आवेदन पर पहले आओ पहले पाओ के हिसाब से टेंडर उक्त संस्था को दिया गया। यह टेंडर निर्माणधीन इमारत और दूसरे जगहों पर डेंग्यू मलेरिया को देखते हुए दवाइयां छिड़कने के लिए कर्मचारी उपलब्ध कराने के लिए था। 140 दिन के लिए 45 लाख रुपये मिलनेवाला था।


### नोटिस भेजकर मांगा जवाब

बीएमसी ऑफिस ने बैंक गैरेन्टी को लेकर जब संस्था से जवाब मांगा तब कहा गया कि वह गलती से फर्जी वाला बैंक गैरेन्टी दे दिया गया। अब वे नया बैंक गैरेन्टी देने को तैयार हैं। बस इसीको मनपा के अधिकारी ने आधार बनाया और पत्र के साथ एमएचबी पुलिस थाने में जाकर संस्था के अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है।

### फर्जी बैंक गैरन्टी देने पर एफआईआर

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक संस्था को टेंडर मिलने के बाद संस्था को अपना पेपर जमा करने के लिए कहा गया था। जिसमें 90 हजार की बैंक गैरन्टी बीएमसी को देनी थी। जिसके बाद कॉन्टेक्ट पूरी तरीके से उन्हें मिल जाता था। बैंक गैरेन्टी लेने के बाद संस्था की पात्र भी नंबर के साथ दे दिया गया। जो बताता है कि कॉन्ट्रेक्ट उसे मिल गया है। इसके बाद 14 लाख रुपये भी उसे दिए गए। लेकिन बाद में जो खुलासा हुआ वह चौकादेनेवाला था। थोड़े समय बाद जब अधिकारी ने उसे चेक किया तब पता चला कि वह फर्जी है। जिंसके बाद लिखित में उनसे पत्र की मांग की गई और एफएआईआर दर्ज करवाया गया।

# धारावी में मकान ढहने से महिला घायल, आसपास के कमरे खाली कराए गए



**मुंबई :** महानगर के धारावी इलाके में शनिवार को एक मकान ढह जाने से 45 वर्षीय एक महिला घायल हो गई, जिसके बाद अधिकारियों को आसपास के कुछ कमरे खाली कराने पड़े। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि 90 फुट रोड पर स्थित एक मंजिला मकान सुबह करीब सवा आठ बजे ढह गया।

उन्होंने बताया कि मकान के अंदर एक महिला फंस गई, जिसकी पहचान सेल्वा राज के रूप में हुई। बीते कुछ दिनों से मुंबई में भारी बारिश हो रही है। अधिकारी ने बताया कि महिला को मलबे से निकाल लिया गया और उसे नगर निकाय द्वारा संचालित सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर आसपास के तीन से चार कमरों को भी खाली करा लिया गया है। धारावी, मध्य मुंबई में स्थित बड़ी आबादी वाली एक झुग्गी बस्ती है।

# मुलुंड के इंस्पेक्टर को किया गया निलंबित...

## एसीबी ने रिश्वत लेते वक्त किया था गिरफ्तार



**मुंबई :** भ्रष्टाचार निरोधी ब्यूरो (एसीबी) ने मुलुंड पुलिस थाने में कार्यरत पुलिस इंस्पेक्टर और एक कॉन्स्टेबल को हफ्ता लेते हुए गिरफ्तार किया था। जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस इंस्पेक्टर और हवलदार को निलंबन का आदेश अतिरिक्त आयुक्त पूर्व प्रादेशिक विभाग की तरफ से जारी किया गया है। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने दो लाख रुपये लेने के बाद सबूत नष्ट करने की कोशिश की। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। एसीबी मुंबई की कार्रवाई के तुरंत बाद से ही मामले में आरोपियों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। दरअसल एक अस्पताल से जुड़े हुए मामले की जांच मुलुंड पुलिस कर रही थी। जिसमें आरोपी की गिरफ्तारी पूर्व जमानत कोर्ट ने खारिज कर दी थी। जिसके बाद उसे गिरफ्तार करने का डर और जांच में मदद करने के नाम पर मुलुंड पुलिस थाने में कार्यरत पुलिस इंस्पेक्टर भूषण मुकुंदलाल दायमा (40) और रमेश मछिंद्र बतकलस (46) ने 25 लाख रुपयों की मांग की थी।

### सबूत मिटाने की हुई थी कोशिश

एसीबी से मिली जानकारी के मुताबिक जब इंस्पेक्टर और हवलदार को पकड़ा गया था, तब इंस्पेक्टर ने गिरफ्तारी से बचाने के लिए 25 लाख की मांग की थी। लेकिन बातचीत के बाद 11 लाख रुपये में बात बानी और पहला हफ्ता दो लाख रुपये का लेते हुए इंस्पेक्टर और हवलदार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने सबूत मिटाने की भी कोशिश की थी।

# ...अब सात साल में बेच सकेंगे एसआरए के घर

## राज्य सरकार वन विंडो सिस्टम भी लागू कर सकती है

## 200 रुपये शुल्क में होंगे ब्लड रिलेशन को ट्रांसफर

**मुंबईः** एसआरए के तहत डिवेलप किए गए घरों को अब 7 साल के बाद बेच सकते हैं। इससे पहले 10 साल के बाद ही बेचने की अनुमति थी। विधान मंडल की बैठक में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधेयक रखते हुए कहा कि एसआरए के तहत जिन लोगों को घर मिला है, उन्हें ट्रांसफर करने में दिक्कतें आ रही थीं। इन दिक्कतों को दूर करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही अलग-अलग कारणों से रुकी कई एसआरए की योजनाओं को गति देने का निर्णय भी लिया गया है। फडणवीस ने कहा कि



सरकार वन विंडो सिस्टम भी लागू कर सकती है। विधेयक पर चर्चा के दौरान विधान परिषद में उद्धव सेना के सचिन अहिर, कांग्रेस के भाई जगताप सहित कई सारे सदस्यों की शंकाओं का समाधान करते हुए फडणवीस ने कहा कि एसआरए के तहत डिवेलप की जा रही तमाम परियोजनाएं रुकी पड़ी हैं, जिसे गति देने के लिए इस विधेयक में कई सारे उपाय किए गए हैं।

### 200 रुपये शुल्क में होंगे ब्लड रिलेशन को ट्रांसफर

फडणवीस ने कहा कि वर्तमान में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों को एसआरए योजना के तहत मुफ्त में घर मिलते हैं, लेकिन वे इन्हें 10 साल तक बेच नहीं सकते हैं। लोगों की मांग थी कि इसे कम कर पांच वर्ष किया जाए, लेकिन इसे लेकर बहुत सारे लोगों का विरोध भी था, इसलिए सरकार ने सात साल के बाद बेचने या ट्रांसफर करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जरूरत पड़ेगी, तो इसे पांच साल भी कर सकते है। विधान परिषद में फडणवीस ने कहा कि अगर झोपड़ीधारक अपने बेटे या पोते के नाम पर ट्रांसफर करना चाहता है, तो 200 रुपये ट्रांसफर फीस रखी गई है। अगर किसी दूसरे को बेच रहा है, तो इस शुल्क को 50,000 रुपये कर दिया गया है। पहले एसआरए के तहत बने घरों को 10 साल के बाद बेचने के लिए स्टैंप ड्यूटी के बराबर राशि देनी पड़ती थी या 1 लाख रुपये अदा करने पड़ते थे।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# नई शिक्षा नीति के तीन वर्ष,

नई शिक्षा नीति के लागू होने के तीन वर्ष पूरे होने पर इसका आकलन किया जाना आवश्यक है कि शिक्षा व्यवस्था में अभी तक जो सुधार किए गए हैं, वे प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं या नहीं? यह भी देखा जाना चाहिए कि जो सुधार किए गए हैं, उनसे अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो रहे हैं या नहीं? इसी तरह इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि देश भर के शिक्षा संस्थान नई शिक्षा नीति के प्रविधानों को गंभीरता के साथ लागू कर रहे हैं या नहीं? यह समीक्षा इसलिए की जानी चाहिए, क्योंकि इससे ही नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को समय रहते हासिल करने में सफलता मिलेगी। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि नई शिक्षा नीति बनने में अच्छा-खासा समय लग गया।

सरकार का यह दावा सही हो सकता है कि नई शिक्षा नीति से जुड़ी 80 प्रतिशत अनुशंसाओं पर आगे बढ़ा गया है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इन अनुशंसाओं पर सही तरह अमल भी हो पा रहा है? इससे इन्कार नहीं कि कुछ बड़े और नामी शिक्षा संस्थानों ने नई शिक्षा नीति के प्रविधानों को लागू करने में तत्परता दिखाई है, लेकिन अनेक शिक्षा संस्थान अभी भी इस मामले में सुस्त और पीछे नजर आ रहे हैं। कुछ राज्य सरकारें भी नई शिक्षा नीति पर अमल के मामले में उतनी सजग नहीं, जितना उन्हें होना चाहिए। यह ठीक नहीं कि कुछ शिक्षा संस्थान और यहां तक कि विश्वविद्यालय भी अभी पुराने ढर्रे पर ही चलते दिख रहे हैं। वे ऐसी डिग्रियां बांटने में लगे हुए हैं, जिनकी उपयोगिता प्रश्नों के घेरे में है।

चूंकि तकनीक के इस दौर में दुनिया तेजी से बदल रही है इसलिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया को भी तेज किया जाना चाहिए। नई शिक्षा नीति का एक बड़ा उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व को संवारना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाना है। छात्रों को उस कौशल से लैस किया जाना चाहिए, जिनके बिना आज के इस तकनीकी युग में काम चलने वाला नहीं है। वास्तव में कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। आवश्यकता केवल इसकी ही नहीं है कि पठन-पाठन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए, बल्कि इसकी भी है कि शिक्षकों को इस तरह प्रशिक्षित किया जाए, जिससे वे उन अपेक्षाओं पर खरे उतर सकें, जो नई शिक्षा नीति के माध्यम से की गई हैं।

छात्रों की मानसिकता के साथ शिक्षकों के चिंतन में भी बदलाव आना समय की मांग है। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा व्यवस्था तमाम समस्याओं से दो-चार है। आखिर देश भर के स्कूल और विश्वविद्यालय थोड़े-बहुत बदलाव के साथ एकसमान पाठ्यक्रम अपनाएं, इसके लिए ठोस उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? निःसंदेह पाठ्यक्रम में बदलाव को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कायदे से तो अब तक यह काम हो जाना चाहिए था।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# बोरीवली में जेल में आरोपी ने की आत्महत्या... पुणे से हुई थी गिरफ्तारी

**मुंबई :** बोरीवली के जेल से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। दरअसल आरोपी दीपक जाधव (28) ने शुक्रवार सुबह बोरीवली जेल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, पुणे से हिरासत में लिए गए जाधव ने बोरीवली जनरल लॉकअप में अपने अंडरवियर की इलास्टिक से फांसी लगा ली। ऐसे में अब सर्कल 11 के पुलिस उपायुक्त अजय कुमार बंसल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। जैसे ही इस घटना की सुचना मिली



तो जाधव को तुरंत शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मामला दर्ज**

मिली जानकारी के मुताबिक, दीपक जाधव बोरीवली पश्चिम में डॉन बॉस्को स्कूल के पास रामचन्द्र भंडारी चाली में रहते थे। अदालत ने उन्हें 28 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुणे के भारती यूनिवर्सिटी पुलिस स्टेशन में दीपक जाधव के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। क्राइम ब्रांच इस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### दीपक के भाई ने पुलिस पर आरोप

इस घटना को लेकर दीपक के भाई तानाजी जाधव ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को पुलिस ने प्रताड़ित किया और मार डाला। बता दें कि दीपक को शुक्रवार को जमानत मिलनी थी। तानाजी ने कहा, जब हम यहां आए तो हमें बताया गया कि दीपक ने फांसी लगा ली है। पुलिस ने हमें बेतुके जवाब दिए और साथ ही हमें अस्पतालों, पुलिस स्टेशनों और जेलों तक पहुंचाया। भाई का शव आपसी पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इसलिए, तानाजी ने मांग की कि बोरीवली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। ऐसे में अब बोरीवली की जेल में सनसनी मच गई है।

# बाढ़ प्रभावित दुकानदारों को देंगे 50 हजार, मुख्यमंत्री शिंदे की घोषणा



**महाराष्ट्र :** हाल ही में आई बड़ी खबर के मुताबिक, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को विधानसभा में तत्काल सहायता के साथ-साथ आर्थिक मदद करने की घोषणा की है। उन्होंने घोषणा की कि जून से अक्टूबर, 2023 तक चल रहे मानसून सीजन के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के लिए सभी प्रकार की बढ़ी हुई सहायता प्रदान की जाएगी।

किसी को कितनी मदद मिलेगी? प्राकृतिक आपदाओं के कारण घर के कपड़े और घरेलू बर्तनों के नुकसान पर अब 10,000 रुपये। 50,000 पानी में दुकान डूबने, दुकान पूरी तरह से बह जाने या दुकान के कुल नुकसान की स्थिति में पंचनामा के आधार पर नुकसान का 75 प्रतिशत या अधिकतम तक। 50,000 रुपये की मदद 75% टपरी धारकों को भी पंचनामे के आधार पर वास्तविक नुकसान का 75% या अधिकतम 10,000 रुपये तक की सहायता मिलेगी।

# महाराष्ट्र के बुलढाणा में भीषण हादसा...

## दो बसों की टक्कर में छह की मौत, 21 घायल



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में शनिवार तड़के दो निजी बसों के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में दो महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 21 अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के मलकापुर शहर में एक फ्लाईओवर पर देर रात करीब 2.30 बजे हुई।

अधिकारी के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई बसों में से एक अमरनाथ यात्रा के बाद हिंगोली जा रही थी, जबकि दूसरी निजी बस नासिक की ओर जा रही थी। बस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान दूसरी बस सामने से आ गई और टक्कर हो गई। अधिकारी ने बताया कि दो महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई है और 21 घायल हो गए। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात बाधित हो गया।

# 6 फेक पुलिस वालों ने PWD के पूर्व अधिकारी को लगाया 36 लाख का चूना

## फिल्म 'स्पेशल 26' की स्टाइल को किया कॉपी

**नवी मुंबई:** नवी मुंबई से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां बॉलीवुड फिल्म 'स्पेशल 26' की स्टाइल में एक लूट को अंजाम दिया गया है. छह चोरों के एक गिरोह ने एक ढहऊ के पूर्व अधिकारी को बड़ा चूना लगाया है. गिरोह सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी के ऐरोली घर में घुस गए और एक सप्ताह



पहले लगभग 36 लाख रुपये का कीमती सामान लेकर फरार हो गए. अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'स्पेशल 26' की कहानी भी कुछ ऐसी ही है झ 26 लोगों का एक गिरोह खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर डकैती करता है और एक जौहरी के घर की फर्जी तलाशी लेता है. नवी मुंबई के इस वास्तविक डकैती में ठगों के छह सदस्यीय गिरोह ने खुद को एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों के रूप में पेश किया और लोक निर्माण विभाग से रिटायर अधिकारी के घर की 'तलाशी' ली.

रिटायर अधिकारी द्वारा दर्ज कराए गए मामले के अनुसार 21 जुलाई को दोपहर में छह लोग कांतिलाल यादव के घर में घुस गए. गिरोह का नेतृत्व करने वाले एक दाढ़ी वाले व्यक्ति ने दावा किया कि वे एंटी करप्शन ब्यूरो से थे और दावा किया कि उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी और कहा कि वे घर की तलाशी के लिए आए थे. उस व्यक्ति ने यादव और उनकी पत्नी के सेलफोन जब्त कर लिए और घर की तलाशी होने तक उन्हें अपने पास बैठा लिया. इसके बाद कांतिलाल यादव की पत्नी को अलमारी की चाबियां सौंपने के लिए कहा गया था.

### यह किमती सामान लेकर हुए फरार

यादव ने दाढ़ी वाले व्यक्ति की पहचान पत्र दिखाने पर जोर दिया, लेकिन उसने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि तलाशी लेने के बाद इसे दिखाया जाएगा. जैसे ही उसने उन्हें अपने पास बैठने का आदेश दिया, उसके पांच साथियों ने तीन बेडरूम के फ्लैट में तीन अलमारियों को खंगाला और 25.25 लाख रुपये, 3.80 लाख रुपये की एक सोने की चेन, एक अंगूठी और एक कंगन जिनकी कुल कीमत 4.20 लाख रुपये थी. 40,000 रुपये की हीरे की अंगूठी, 80,000 रुपये का हीरे जड़ित सोने का मंगलसूत्र और कम से कम 10,000 रुपये की दो कलाई घड़ियां निकाल लिया. गिरोह के सदस्यों ने एक अलमारी से कीमती सामान चमड़े के बैग में भरा और फरार हो गए.

# कांजुर मार्ग में बनेगा मेट्रो कारशेड

## विधान परिषद में मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने दी जानकारी



**मुंबई :** कांजुर मार्ग स्थित मेट्रो कारशेड को लेकर भाजपा और उद्धव ठाकरे गुट शिवसेना में शुरू विवाद के बीच मेट्रो -2 के कारशेड के लिए कांजुर मार्ग में जगह देने का निर्णय लिया है. शुक्रवार को राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने विधान परिषद में यह लिखित जानकारी दी है.विखे पाटिल ने बताया की एमएमआरडीए की अनुरोध के बाद मुंबई उपनगर जिलाधिकारी ने मेट्रो -2 के लिए कांजुर मार्ग में कारशेड की जगह देने के निर्णय लिया है.राज्य की पिछली महाविकास आघाडी सरकार में मेट्रो -3 का कारशेड आरे जंगल से कांजुर मार्ग ले जाने का प्रस्ताव पारित किया था. लेकिन जमीन को लेकर राज्य और केंद्र सरकार आमने -सामने आ गए थे.बाद में शिंदे -फडणवीस सरकार बनने के बाद मेट्रो -3 का कारशेड आरे में बनाने का निर्णय लिया है.सरकार के इस निर्णय पर विधान परिषद में शिवसेना ठाकरे गुट के विधायक अनिल परब ने तीखा सवाल पूछा है की क्या यह जमीन यह जमीन राज्य सरकार की है.

# उद्धव ठाकरे को मुंबई में लगा 23 झटका!

## एटॉप हिल के पूर्व नगरसेवक ने थामा एकनाथ शिंदे का दामन



**मुंबई :** उद्धव सेना को झटके लगने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है । शुक्रवार को एंटॉपहिल से चार बार नगरसेवक रह चुके मंगेश सातमकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में पक्ष प्रवेश किया।अभी दो दिन पूर्व ही इसी इलाके की पूर्व नगरसेविका और मनपा में सदन की नेता रह चुकी तृष्णा विश्वास राव ने भी उद्धव की शिवसेना को राम राम कहते हुए एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थामा था।

बता दे कि पिछले साल जून महीने में शिवसेना में पड़ी फूट के बाद बड़ी संख्या में पूर्व नगरसेवक उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ कर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ जा रहे है।मनपा में उद्धव ठाकरे के कुल 85 नगरसेवक 2017 में चुनकर आए थे उसके बाद 6 मनसे के नगरसेवक भी उद्धव के साथ चले गए थे और निर्दलीय की संख्या को मिलाकर कुल 96 नगरसेवक उद्धव के साथ थे। पिछले एक साल में 23 पूर्व नगरसेवक उद्धव का साथ छोड़ चुके है। इस तरह उद्धव ठाकरे का रोजाना पूर्व नगरसेवको का साथ छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है।

# भयंकर बारिश से मचा हाहाकार, 4 जिलों में रेड अलर्ट... जानें क्या हैं मौसम का हाल

**महाराष्ट्र:** जहां इस समय पूरे महाराष्ट्र में मानसून अपनी चरम पर है. वहीं राज्यों के कुछ जिलों में बीते कुछ दिनों से हो रही मुसलाधार बारिश ने अब चिंता बढ़ा दी है। इस बीच शनिवार के लिए दिल्ली,



महाराष्ट्र, हिमाचल में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं महाराष्ट्र के ठाणे, पालघर और रायगढ़ में आज यानी 29 जुलाई को तेज बारिश हो सकती है। जानकारी दें कि, IMD की तरफ से आज भी राज्य के चार प्रमुख शहरों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने रायगढ़, पुणे, रत्नागिरी और सतारा में आज रेड अलर्ट जारी किया है। तो वहीं, पालघर, ठाणे, कोल्हापुर, सिंधुदुर्ग, लातूर, नादेड़, हिंगोली, यवतमाल, चंद्रपुर, गढ़चिरौली के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इतना ही नहीं, IMD ने महाराष्ट्र के अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

### विदर्भ के कई जिलों में यलो अलर्ट

बात अगर महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र की करें तो यहां जिलों में अगले चार दिनों में भारी बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, नागपुर ने इसे लेकर एडवाइजरी जारी की है। साथ ही, कई गांवों के निवासियों को बांध से पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ की संभावना की चेतावनी भी अब दी गई है। IMD केंद्र नागपुर ने नागपुर, वर्धा, बुलढाणा, गोंदिया के लिए अगले चार दिनों और चंद्रपुर, गढ़चिरौली, अमरावती के लिए तीन दिनों के लिए और यवतमाल, बुलढाणा, अकोला और वाशिम के लिए दो दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

# फ्लाइट में महिला से छेड़खानी



**मुंबई :** सहार पुलिस ने फ्लाइट में छेड़खानी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक फ्लाइट नंबर 6ई2112 दिल्ली से मुंबई आरोपी और महिला यात्रा कर रहे थे। इसबीच आरोपी है कि महिला को आरोपी ने गलत तरीके से छुआ। इसकी शिकायत उसने कर मेंबर से की और फिर फ्लाइट जब मुंबई में पहुंची तब वह सहार पुलिस थाने पहुंच गई। जहां आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 और 354 (अ) के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया। मामले में श्रीवास्तव नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अदालत में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।




# राज्य के होमगार्ड जवानों को मिलेगा 180 दिन काम

## विधान परिषद में गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी जानकारी



**मुंबई :** उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के होमगार्ड जवानों को एक साल में 180 दिन तक काम देने के लिए लिए सरकार योजना तैयार कर रही है।

इसके लिए सरकार ने 350 करोड़ रुपए की निधि मंजूर की है.इसमें से 297.50 करोड़ का वितरण और 243.31 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके है. शुक्रवार को विधान परिषद में आरएसपी विधायक महादेव जानकर ने होमगार्ड जवानों का मुद्दा उपस्थित किया था जिसमे उन्होंने जवानों को साल में 180 दिन नौकरी देने की मांग की. इस पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा की साल 2019 के पहले राज्य के होमगार्ड जवानों को 180 दिन काम दिया जाता था लेकिन सरकार बदलने के बाद साल 2021 में मौजूदा सरकार ने होमगार्ड जवानों के काम और उनके निधि में कटौती कर दी थी लेकिन अब साल 2023 और 24 बजट के लिए 350 करोड़ का बजट रखा गया है और 23 अप्रैल से 23 जुलाई तक 105 करोड़ की धनराशि वितरित की जा चुकी है। जिसमें से रु. 63.62 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं. सरकार ने होमगार्ड की मांगों पर बैठक आयोजित की हैं और उचित कार्रवाई कर सभी मांगों का समाधान किया है. इसके साथ -साथ बॉम्बे होमगार्ड अधिनियम, 1947 में संशोधन या परिवर्तन किया जाएगा।

# सड़क बनाने वाले ठेकेदार गड्ढे भरने में हुए फेल

## लगा साढ़े छह करोड़ का जुमार्ना...!

**मुंबई :** मनपा प्रशासन की मुंबई की सड़कों पर बने गढ्ढो से छीछालेदर हो रही है। अभी पिछले दिनों अधिवेशन में भी सड़को पर बने गढ्ढो को लेकर आरोप प्रत्यारोप हुए। मनपा प्रशासन ने जिन ठेकेदारों को सड़क बनाने का काम दिया है वही ठेकेदार सड़क पर बने गढ्ढो को भरने में फेल साबित हुए है जिससे मनपा ने इन ठेकेदारों पर साढ़े छह करोड़ का जुमार्ना लगाया है। उल्लेखनीय है कि मनपा ने मुंबई की लगभग 400 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का ठेका दिया है। सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण के लिए 5 कंपनियां है जिन्हे 6 हजार करोड़ का ठेका मनपा ने दिया था। ठेकेदारों ने मानसून के दौरान



गढ्ढे भी ठीक से नहीं भर पाए है जिसके चलते मनपा ने इन खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की है क्योंकि उन्होंने उन सड़कों के गड्ढे भरने की जिम्मेदारी नहीं ली. इन पांचों ठेकेदारों पर कुल साढ़े छह करोड़ का जुमार्ना लगाया गया है . इससे पहले भी सड़क का काम शुरू नहीं करने पर इन्हीं ठेकेदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गयी थी. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई की सड़को को गढ्ढा मुक्त करने के लिए आने वाले दो वर्षों में सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट करने का निर्देश दिया था । जिसके तहत 397 किमी लंबी सड़कों के लिए 6,078 करोड़ की निविदाएं आमंत्रित की गईं थी। सड़क निर्माण करने के लिए पांच नामांकित ठेकेदारों का चयन किया गया और जनवरी माह में ठेकेदारों को कायार्देश दिया गया। मनपा नियमानुसार ठेका देने के बाद इन सड़कों की पूरी जिम्मेदारी उन ठेकेदारों की है जिन्हे ठेका मिला है। इसलिए मानसून के दौरान सड़कों पर गड्ढे भरने की जिम्मेदारी भी उन ठेकेदारों की है जो जनवरी में ठेका लिए। हालाँकि इन ठेकेदारों ने परियोजना की सड़कों पर गड्ढे भरने से इनकार कर दिया।

# उफनते नाले में गिरने के बाद तेज बहाव में बह गया व्यक्ति



**ठाणे :** ठाणे शहर के कलवा में 45 वर्षीय एक व्यक्ति फिसलकर उफनते नाले में गिर गया और पानी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बृहस्पतिवार को रात करीब साढ़े 11 बजे हुई। कलवा थाने के एक अधिकारी ने बताया, ''पीड़ित की पहचान रमेश तकी के रूप में हुई है जो महात्मा फुले नगर इलाके में टहल रहा था। तभी वह दुर्घटनावश फिसल कर नाले में गिर गया और पानी के तेज बहाव में बह गया।

उन्होंने कहा कि स्थानीय दमकल केंद्र और ठाणे नगर निकाय के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के कर्मियों ने तलाश अभियान शुरू किया लेकिन रमेश का पता नहीं चल सका। ठाणे में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश के बाद कई नाले उफान पर हैं।

आरडीएमसी प्रमुख यासिन तडवी ने बताया कि ठाणे शहर में शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 166.31 मिलीमीटर बारिश हुई। पड़ोसी पालघर जिले में अधिकारियों ने बताया कि जिले में पिछले 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक औसतन 185.10 मिलीमीटर बारिश हुई।

# पत्नी की हत्या कर शव के साथ बिताए छह घंटे

## गांव में जाकर करना चाहता था अंतिम संस्कार, भाई की जिद्द से हुआ खुलासा

**मुंबई :** रफीक अहमद किड़वई (आरएके) मार्ग पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार किया है। हत्या के बाद आरोपी अपने बच्चे को लेकर रात भर पत्नी के साथ सोता रहा। सुबह उसे आत्महत्या बताने की कोशिश की। लेकिन प्राथमिक जांच में ही पुलिस को हत्या की आशंका हो गई थी। कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपी ने बताया कि उसीने चरित्र पर संदेह होने के चलते पत्नी रोशनी इनकर (28) की हत्या की है।



राजेश वसंत इनकर वय32 वर्ष

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी पति का नाम राजेश वसंत इनकर (32) है। राजेश ने बुधवार और गुरुवार की रात लगभग एक बजे पत्नी की हत्या की थी। इसके बाद उसने सुबह होने का इंतजार किया और फिर सुबह एंबुलेंस और उसके भाई को बुलाया। एंबुलेंस से वह अपने पत्न ी का शव गांव में ले जानेवाला था और वहीं पर उसका अंतिम संस्कार करनेवाला था। लेकिन स्थानीय डॉक्टर के जांच करने के लिए न आने और भाई द्वारा डॉक्टर को दिखाकर आगे का निर्णय लेने के जिद पर इसका खुलासा हो गया।

### पति कर रहा था पुलिस को गुमराह

अस्पताल से पुलिस को महिला के बारे में जा कारी दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने फोटो सीनियर इंस्पेक्टर महादेव निंबालकर को भेजा। फोटो देखते ही निंबालकर को उसपर संदेह हुआ एयर जांच के लिए टीम मौके पर पहुंची। राजेश बार बार यही कहता था कि उसे पता नहीं उसके पत्नी की मौत कैसे हुई। लेकिन गले के मार्क ने पुलिस को पहले ही सतर्क कर दिया था।

### हत्या के बाद शव के साथ बिताया छह घंटे

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ने रात लगभग एक बजे पत्नी रोशनी की हत्या की थी। अब किसीको सहर्क न हो इसलिए उसने शव के साथ ही पूरी रात निकाली और सुबह 7 बजे उठा। अब उसने रोशनी के बेहोश होने की जानकारी उसके भाई को दी। भाई जब मौके पर पहुंचा तब आरोपी राजेश ने उसे बताया कि जब वह सो ककर उठा तब उसने देखा कि रोशनी बेहोशी के हालत में जमीन पर पड़ी है। लेकिन भाई को उसपर शक हुआ और उसने कहा कि डॉक्टर को दिखाकर आगे का निर्णय लेते हैं। उसे केईएम अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# नाबालिग लड़की से अपहरण-बलात्कार, दरिंदे को 10 साल की कठोर सजा



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक विशेष अदालत ने 15 वर्षीय लड़की के अपहरण और बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश वी वी विरकर ने बृहस्पतिवार को आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) और 376 (बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी पाया। आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई और उस पर 8,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

# हनी ट्रैप के जाल में फंसे DRDO साइंटिस्ट

## PAK महिला जासूस से किया था ब्रह्मोस की रिपोर्ट दिखाने का वादा, ATS जांच में खुलासा...

**पुणे :** पाकिस्तान की एक महिला जासूस के जाल में फंसकर हनी ट्रैप का शिकार हुए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के एक साइंटिस्ट ने उसे देश की खतरनाक ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना पर खुफिया रिपोर्ट दिखाने का वादा किया था. इस जासूसी मामले पर महाराष्ट्र के आतंकवाद-रोधी दस्ते की जांच से पता चला है कि वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर ने व्हाट्सएप चैट में कहा था कि ब्रह्मोस मिसाइल की बहुत खुफिया रिपोर्ट वह एक पाकिस्तानी महिला जासूस को दिखाएंगे. इस पाकिस्तानी महिला जासूस ने वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर से निजी मुलाकात के दौरान खुद को जारा दासगुप्ता के तौर पर पेश किया था.




हनी ट्रैप के संदिग्ध मामले में डीआरडीओ के अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (इंजीनियर्स) या प्रयोगशाला के प्रमुख 59 साल के कुरुलकर को 3 मई को एटीएस ने जासूसी और पाकिस्तान की महिला जासूस के साथ संपर्क रखने के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था. एटीएस के मुताबिक पाकिस्तानी महिला जासूस भी अब इस मामले में वांछित आरोपी है. 'इंडियन एक्सप्रेस' की रिपोर्ट के मुताबिक महिला जासूस ने व्हाट्सएप पर कुरुलकर से संपर्क किया. उसने बताया कि वह ब्रिटेन में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी. महिला ने उसे कई अश्लील संदेश भेजकर, वॉयस और वीडियो कॉल करके लालच दिया और कुरुलकर ने 10 जून, 2022 और 24 फरवरी, 2023 के बीच उसके साथ कई बार बातचीत की.

एटीएस ने आरोप लगाया है कि जारा भारत में डीआरडीओ और कई रक्षा परियोजनाओं के बारे में कुरुलकर से गोपनीय जानकारी निकालना चाहती थी. कुरुलकर उसके प्रति 'आकर्षित' हो गया और गोपनीय जानकारी साझा करने के लिए कथित तौर पर अपने पद का दुरुपयोग किया. जांच के दौरान एटीएस ने दोनों के बीच व्हाट्सएप चैट को फिर हासिल किया. जिसे एक आरोपपत्र (जिसमें छह खंड और 1,837 पेज हैं) में जोड़ा गया है और पुणे में एक विशेष अदालत के सामने पेश किया गया है. आरोपपत्र के मुताबिक दोनों ने 19 अक्टूबर, 2022 और 28 अक्टूबर, 2022 के बीच ब्रह्मोस के बारे में बातचीत की थी.

कुरुलकर ने जारा के एक सवाल के जवाब में कहा कि 'मेरे पास सभी ब्रह्मोस संस्करणों पर लगभग 186 ए4 आकार की प्रारंभिक डिजाइन रिपोर्ट है.' बाद में कुरुलकर ने कथित तौर पर उस महिला से कहा कि 'मैं उस रिपोर्ट की कॉपी डब्ल्यूए को नहीं भेज सकता या मेल नहीं कर सकता, यह अत्यधिक गोपनीय है॥ मैं इसका पता लगाऊंगा और इसे तैयार रखूंगा जब आप यहां होंगी तो कोशिश करूंगा और आपको यहां दिखाऊंगा.' एटीएस ने अपने आरोप पत्र में 28 अक्टूबर, 2022 की इस चैट का विशेष रूप से उल्लेख किया है.

# एक दिन में चार हत्याएं!




**मुंबई :** अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे दिन-दहाड़े हत्याएं कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस के गृह जिले में एक दिन में दिन-दहाड़े ४ हत्याएं करके अपराधियों ने खुलेआम सरकार और कानून को चुनौती दी है। नागपुर में ३ अलग-अलग घटनाओं में ४ लोगों की हत्याएं की गई हैं, जिनमें कोढाली में २ व्यापारियों को गोली मार दी गई। इतना ही नहीं, दोनों के शवों को जलाकर नदी में फेंक दिया गया। अन्य दो घटनाएं शहर के जरी पटका और नंदवन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत घटी हैं। एक दिन में हुई ४ हत्याओं से पूरा नागपुर सहित विदर्भ दहल गया है। इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि गृहमंत्री के गृह जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी है तो राज्य के अन्य भागों की क्या स्थिति होगी। महाराष्ट्र विधान मंडल के मानसून सत्र में सोमवार और मंगलवार को छुट्टी घोषित की गई है। सत्र को २ दिनों के लिए बंद करने के पीछे सरकार की मंशा क्या है? यह पता नहीं चल सका कि आनेवाला दिनों में कौन-सा भूकंप आनेवाले है। इसका कोई ठोस जवाब नहीं मिला है। दिल्ली से उनके 'आका' एक कार्यक्रम के लिए आ रहे हैं। इसलिए सत्र का काम २ दिनों के लिए बंद रखा गया है क्या? ऐसा सवाल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटोले ने किया।

# मिल मजदूरों के घरों के संदर्भ में राजनीति न करते हुए सरकार इसके लिए कदम उठाए - बालासाहेब थोरात

**मुंबई :** महाराष्ट्र के कोने-कोने से काम के लिए मुंबई आनेवाले मिल मजदूर ही मुंबई के वास्तविक निर्माता हैं। उनके हक के घर का सवाल तय समय के अंदर हल करने की मांग कल विरोधी दलों के विधायकों ने विधानसभा में की। कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने कहा कि मिल मजदूरों के घरों का सवाल सरकार को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द हल करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के कार्यकाल में यह सवाल सामने आया था। राजस्व मंत्री होने के नाते मैंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खूब काम किया था। कई सवालों को हल किया था। मिल मजदूरों के घरों के संदर्भ में राजनीति न करते हुए



सरकार इसके लिए कदम उठाए और तय सीमा के अंदर मामले को हल करे। विपक्ष के विधायकों के सवालों के जवाब देते हुए मंत्री अतुल सावे ने कहा कि यह सवाल महत्वपूर्ण है। मिल मजदूरों की घर की समस्या को हल करने के लिए सरकार सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में बालासाहेब थोरात सहित विपक्षी विधायकों के साथ बैठक करेंगे और इस समस्या का हल निकालेंगे।

विधानमंडल का कामकाज महत्वपूर्ण है। यहां पर जनता के सवालों को हल किया जाता है। इसलिए प्रश्नोत्तर के काल में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों को सदन में उपस्थित रहना चाहिए। अब तक यह नियम सदन के अंदर पालन किया जाता था। लेकिन अब इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है, ऐसा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अध्यक्ष को इस संदर्भ में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों को सदन में उपस्थित रहने के लिए निर्देश जारी करने चाहिए। कल विधानसभा का कामकाज शुरू होने से पहले मंत्रियों की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया गया। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान मंत्रियों की अनुपस्थिति को लेकर सवाल उठाया गया।

# पालघर/ पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन का खतरा!

**पालघर :** रायगड जिले की खालापुर तहसील के एक पहाड़ी आदिवासी गांव इर्शालवाड़ी में हुई भूस्खलन के बाद से ही पालघर के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों खासकर आदिवासियों की भी चिंताएं बढ़ गई हैं। पालघर जिले में ५४ ऐसे छोटे बड़े गांवों और शहरी इलाके हैं, जो खतरनाक स्थिति में हैं। यहां भूस्खलन का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इन गांव में करीब ५० से ६० हजार लोग रहते हैं। हालांकि, लोगों की संख्या की इसकी पुष्टि जिला प्रशासन ने नहीं की है। जिला प्रशासन द्वारा वसई-विरार तालुका क्षेत्र को सबसे अधिक संवेदनशील (खतरनाक) इलाके के रूप में पहचाना गया है। रायगड हुई भूस्खलन भयानक घटना के बाद जिले में संवेदनशील स्थलों के सर्वे का आदेश जिलाधिकारी गोविंद बोड़के ने



अधिकारियों को दिए थे।

पालघर के निवासी डिप्टी कलेक्टर सुभाष बागड़े ने कहा है कि जिला आपदा प्रबंधन को जिले के भूस्खलन वाले संभावित क्षेत्र के बारे में एक रिपोर्ट मिली है। इस रिपोर्ट को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) को सौंपा जाएगा। जीएसआई की रिपोर्ट मिलने के बाद जिले के भूस्खलन संभावित क्षेत्र में बसे छोटे गांव और बस्तियों के बारे में सरकार के आदेश पर निर्णय लिया जाएगा।

बता दें कि जिले में पिछले दो वर्षों में मुंबई बड़ौदा एक्सप्रेसवे और बुलेट ट्रेन परियोजनाओं के लिए आवश्यक मिट्टी, पत्थर और बजरी के लिए बड़ी संख्या में पहाड़ियों की खुदाई की गई है। कई जगहों पर पहाड़ी पर लगे पेड़ों को काट दिया गया। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को मजबूती पकड़ती है, लेकिन पेड़ों के कटने से मिट्टी नाजुक हो गई है और पहाड़ियों के ढहने का खतरा बढ़ गया इसलिए इन क्षेत्रों का निरीक्षण आवश्यक हो गया है।




# शिवराज ने महिला हैल्प-डेस्क के लिए दो पहिया वाहनों को किया फ्लैग ऑफ

# महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए उन्हें सुरक्षित वातावरण देना जरूरीः मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि आधी आबादी के साथ न्याय के बिना न देश आगे बढ़ सकता है न समाज। बहन बेटियों की झिझक टूटे, उनका आत्मविश्वास और सम्मान बड़े इसी उद्देश्य से पुलिस बल में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ लाड़ली लक्ष्मी, कन्या विवाह जैसी योजनाएं और कार्यक्रम आरंभ किए गए। जब तक हम बहन-बेटी को समाज में बराबरी पर लाकर नहीं खड़ा कर देते, तब तक हम चैन की सांस नहीं लेंगे। इसमें महिला सुरक्षा सबसे अहम है। अपराधियों में भय पैदा करने महिला हेल्प डेस्क को वाहन उपलब्ध कराकर गतिशील बनाने और महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव विकसित करने के लिए आरंभ किया गया ÷अभिमन्यु अभियान÷, महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री चौहान प्रदेश के थानों में काम कर रही उर्जा महिला हेल्प डेस्क की महिला पुलिस कर्मियों को दोपहिया वाहन प्रदान करने के लिए मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने 250 महिला पुलिस कर्मियों की स्कूटर रैली को फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री चौहान ने महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के प्रति पुरुषों को




जागरूक करने तथा महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संचालित अभिमन्यु अभियान की पुस्तिका 'अभिमन्यु' का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बेटा-बेटी में भेद और घरेलू हिंसा की विकृत सोच को बदलने की जरूरत है। पुलिस में 30त्न महिलाओं की भर्ती से पीड़ित महिलाओं को थानों में अपनी व्यथा बयान करने और उस पर कार्रवाई कराने में मदद मिली है। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम क्रूर नहीं हैं, किंतु प्राय-यह देखा गया है कि बुरी प्रवृत्ति के लोग कड़ी कार्यवाही के बिना मानते नहीं है, अपराधियों में भय पैदा करना आवश्यक है।

### महिला सुरक्षा के लिए संचालित अभियानों को निरंतर चलाना जरूरी

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान जैसे महिला सुरक्षा के लिए संचालित किए जाने वाले अभियानों को निरंतर चलाने की आवश्यकता है। अभिमन्यु अभियान महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने और बच्चों व युवाओं में संस्कार विकसित करने में सहायक होगा।

### संकल्प को धरातल पर उतारना कहलाता है सिद्धि - गृह मंत्री डॉ. मिश्रा

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि संकल्प को धरातल पर उतारना सिद्धि कहलाता है। मुख्यमंत्री चौहान ने महिलाओं के सशक्तिकरण का जो संकल्प लिया है उसे लगातार वे धरातल पर उतारते जा रहे हैं। जब वे मुख्यमंत्री नहीं थे तब से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये कार्य कर रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना से लेकर लाड़ली बहना तक महिलाओं के आत्मबल को बढ़ाने के लिये जो कार्यक्रम किये जा सकते हैं, वे सभी उन्होंने किये है।

# भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के घुटनों में दिक्कत, केरल के आयुर्वेदिक संस्थान में इलाज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इन दिनों केरल के एक नामी आयुर्वेदिक संस्थान में घुटने का इलाज करा रहे हैं। खबर है कि उन्हें भारत जोड़ो यात्रा के दौरान घुटने की समस्या हुई थी, जिसके इलाज के लिए वह फिलहाल केरल में हैं। पार्टी के एक नेता ने कहा कि रविवार तक राहुल गांधी डिस्चार्ज हो सकते हैं। नाम उजागर न करने की शर्त पर पार्टी के एक सीनियर ने बताया, 'राहुल गांधी 21 जुलाई को कोट्टक्कल आर्य वैद्य शाला में एडमिट हुए थे। वह रविवार को डिस्चार्ज हो जाएंगे।' राहुल गांधी का अस्पताल के मैनेजिंग ट्रस्टी और चीफ फिजिशियन डॉ. पीएम वारियर ने स्वागत किया था। इस मौके पर कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और विधायक एपी अनिल कुमार मौजूद थे। अपने इलाज के दौरान राहुल गांधी ने कथकली डांस परफॉर्मेंस भी देखी। यह परफॉर्मेंस पीएसवी नाट्य संगम द्वारा दी गई थी। इस मौके पर उन्होंने मलयाली लेखक और डायरेक्टर वासुदेवन नायर से भी मुलाकात की। वह भी इन दिनों अस्पताल में ही इलाज करा रहे हैं। नायर ने राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान उन्हें एक पेन भी गिफ्ट किया था। पार्टी सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान घुटने में परेशानी हुई थी।

# अगले हफ्ते हो सकती है अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा, मोदी भी सदन में रहेंगे मौजूद

**नई दिल्ली।** मौजूदा सरकार के खिलाफ लाए गए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा अलगे हफ्ते होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो चर्चा पर अंतिम फैसला सोमवार को लिया जाएगा। सरकार के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी संसद में मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी महाराष्ट्र का दौरा करने वाले हैं इसलिए अविश्वास प्रस्ताव पर अगले हफ्ते चर्चा, जवाब और मतदान हो सकता है। 11 अगस्त तक चलने वाले संसद के मॉनसून सत्र में सरकार के पास विधेयकों की एक लंबी लिस्ट है, जिन्हें सरकार संसद के सामने रखना चाहेगी।



### क्या हो सकता है परिणाम?

विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के मद्देनजर अगर परिणाम के बारे में बात करें तो आंकड़े बताते हैं कि सरकार को इसके बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में पांच सीटें खाली हैं, इस हिसाब से बहुमत का आंकड़ा घटकर 270 रह गया है। भाजपा के पास अध्यक्ष सहित 301 सीटें हैं, जो बहुमत के आंकड़े से अधिक है। सहयोगियों के साथ एनडीए का कुल आंकड़ा 331 तक पहुंच जाता है।

गुटनिरपेक्ष दलों में वाईएसआर कांग्रेस, नवीन पटनायक की बीजू जनता दल और बीएसपी और टीडीपी सहित 10 अन्य पार्टियां अनुपस्थित रहकर सरकार को अप्रत्यक्ष समर्थन दे सकती हैं।

कम संख्या बल के कारण विपक्ष को प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद नहीं है। सूत्रों की मानें तो इसका एकमात्र उद्देश्य प्रधानमंत्री को मणिपुर पर बोलने के लिए प्रेरित करना है। विपक्ष की यह एक ऐसी मंशा है जिसे जिसे सरकार ने अब तक नजरअंदाज किया है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा, ÷इंडिया गठबंधन को लोकसभा में अपनी संख्या के बारे में पता है, लेकिन यह सिर्फ संख्या के बारे में नहीं है। यह न्याय के लिए मणिपुर की लड़ाई के बारे में है।÷ उन्होंने कहा, ÷मणिपुर के भाइयों और बहनों को एक संदेश जाना चाहिए कि पीएम मोदी शायद मणिपुर को भूल गए हैं, लेकिन दुख की इस घड़ी में भारतीय गठबंधन उनके साथ खड़ा है और हम संसद के अंदर उनके अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं।

## पति को लाठी-डण्डों से पीटने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम घुटारी निवासी महिला ने गांव के एक व्यक्ति पर उसके पति के साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने बताया कि सुबह 11 बजे उसका पति खेत में खड़ी फसल में दवाई का छिड़काव कर रहा था कि तभी गांव के एक व्यक्ति अपने साथ चार-पांच अज्ञात लोगों को लेकर पहुंच गया और उसने गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके पति के साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं महिला का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने पुलिस व जिला प्रशासन से कार्यवाही किये जाने का आरोप लगाया है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पहुंची किसानों के खातों में

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की चौदहवीं किस्त का कृषकों के बैंक खातों में सीधे अन्तरण प्रधानमंत्री द्वारा सीकर राजस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम से किया गया। जनपद ललितपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 2,45,000 लाभार्थी हैं, जिसमें से अधिकतर को उक्त कार्यक्रम के द्वारा किस्त अन्तरित की गयी, शेष लाभार्थियों के खाते में किस्त उनके पंजीकरण में अपेक्षित संशोधन के उपरान्त 15 अगस्त 2023 तक प्रेषित की जायेगी। इसका सजीव प्रसारण किसानों को दिखाने की व्यवस्था के लिये उर्वरक विनिर्माता कम्पनियों के द्वारा स्थापित किसान समृद्धि केन्द्रों को जिम्मेदारी दी गयी थी। उल्लेखनीय है कि जनपद ललितपुर में इस समय 84 पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित है, किन्तु कई पर आवश्यक मूलभूत सुविधायें न होने के कारण मात्र 46 केन्द्रों पर ही प्रसारण दिखाने की व्यवस्था कृषि विभाग द्वारा कराई जा सकी। मुख्य कार्यक्रम मे.घनश्याम टेऊडर्स राजघाट रोड तथा कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र ललितपुर पर आयोजित किया गया, जहां पर जनपद के प्रायः समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। 14वीं किस्त निर्गत करने के अतिरिक्त प्रधानमंत्री द्वारा 1,25,000 पीएम किसान समृद्धि केन्द्र देश को समर्पित किये गये, सल्फर कोटेड यूरिया की शुरूवात की गयी, 1500 एफपीओ को ओएनडीसी से जोडा गया, सूखे की निगरानी के लिये जियो स्पेशियल पोर्टल का शुभारम्भ किया गया तथा किसान ई-मित्र पोर्टल की भी शुरूवात की गयी।

## आवेदन की तिथि तीन तक बढ़ी

ललितपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति 26 जून 2023 के अनुक्रम मे पी.एल.वी. हेतु आवेदन 05 जुलाई 2023 तक मांगे गये थे। जिसके अनुक्रम मे कार्यालय मे 507 आवेदन प्राप्त हुये। प्राप्त आवेदनो मे से साक्षात्कार हेतु 354 आवेदन पात्र माने गये है जिनका साक्षात्कार 01, 02 एवं 03 अगस्त को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मे लिया जाना तय हुआ है। आवेदक अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय मे सम्पर्क करें एवं दीवानी न्यायालय ललितपुर की वेबसाइट पर विजिट कर सकते है।

## उप निरीक्षक व दो मुख्य आरक्षियों के कार्यक्षेत्र बदले

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने देर रात एक निरीक्षक व दो मुख्य आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस विभाग के सोशल मीडिया सेल से जारी प्रपत्र के अनुसार उप निरीक्षक जाहर सिंह को पुलिस लाइन से क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय भेजा गया है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी राम शरण को पुलिस लाइन से क्षेत्राधिकारी महरौनी कार्यालय एवं मुख्य आरक्षी चालक दीपक कुमार दुबे को थाना कोतवाली से एस.ओ.जी. टीम भेजा गया है।

# रावतयाना की शिवधाम कालोनी में विद्युत व सड़क का अभाव

### कालोनी के लोगों ने डीएम को दिया ज्ञापन, समस्या निस्तारण की उठायी मांग



**ललितपुर।** शहर के वार्ड संख्या 23 स्थित शिवधाम आवासीय कालोनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब पांच सौ आवास बने हैं, लेकिन यहां विद्युतीकरण न होने और सड़क न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में यहां के लोगों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में लोगों ने बताया कि शिवधाम कालोनी में लगभग 1500 लोग निवास करते है। बताया कि मोहल्ला रावतयाना में शिवधाम आवासी कॉलोनी में न तो बिजली लाइट की कोई व्यवस्था है और न ही कॉलोनी में रोड़ डलवाया गया है। बताया कि बदलते मौसम के कारण कॉलोनी में आये दिन लोग बीमार हो जाते है और जिला अस्पताल में जाने के लिये कोई पक्की कोई सड़क नहीं है और पक्का रास्ता एवं रोड़ न होने कारण कॉलोनी के बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है।

जिससे कॉलोनी में रहने वाले लोग मानसिक रूप से काफी परेशान है। जब शिवधाम आवास कॉलोनी में लोग उक्त डा.मनोहर पटेल व दिनेश साहू, मखान पटेल एवं मनोज गुप्ता से कई बार बिजली लाईट व रोड़ को सूचना दी तो उक्त लोगों के द्वारा कहा गया है कि हम कुछ नही कर सकते। लोगों ने बताया कि उक्त व्यक्ति प्लॉटिंग एवं विक्रय करते समय उक्त व्यक्तियों ने कॉलोनी को लोगो को आश्वासन दिया था कि हम लोग आपकी आवासीय शिवधाम कॉलोनी में बिजली लाईट व रोड़ की पूरी व्यवस्था करायेगे। जैसे कालोनी वालो ने उक्त व्यक्तियों के प्लाट खरीद लिये तो अब कॉलोनी वालों की कोई नहीं सुन रहा। बिजली लाईट व रोड़ डलवाने के लिये आवासीय शिवधाम कॉलोनी वालों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।

शिवधाम कॉलोनी के लोगो के द्वारा राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, विद्युत विभाग के सभी में कई प्रार्थना पत्र दे चुके परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। कालोनी के लोगों ने जिला प्रशासन से इस ओर ध्यान देते हुये विद्युतापूर्ति कराये जाने एवं सड़क डलवाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय राहुल सेन, मानविन्द सिंह, कमलेश साहू, शेर सिंह, रामदयाल राय, पवन तिवारी, दीपक, पप्पू, आकाश, रज्जन सेन, अनूप राजपूत, मूरत पटेल, गोविन्द राजपूत, लाल सिंह, नीरज राज, काशीराम, मलखान सिंह, धर्मेंद्र, सुनील, केदार, विक्रम सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# दस दिवसीय शक्ति दीदी विशेष अभियान लगातार जारी



**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा बलिकाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिए जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु मिशन महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल व थाने पर नियुक्त महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के बीट, गांव, स्कूल, कॉलेज, पंचायत भवन, प्रमुख चौराहा, बाजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराध सम्बन्धित जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम शक्ति दीदी के तहत बालिकाओं तथा महिलाओं की नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन अभियान के बारे में जागरूक किया गया तथा बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिस कर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बरों में 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102. स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मौजूद ऐप फेसबुक, ट्वीटर, इस्टाग्राम आदि का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : रविवार 30 जुलाई 2023







# उर्वशी रौतेला ने पवन कल्याण को बता दिया आंध्र प्रदेश का सीएम, ट्रोल होने के बाद सुधारी गलती

**उर्वशी** रौतेला हर वक्त किसी न किसी वजह से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। कभी वह कुछ ऐसी बात कर देती हैं तो कभी कोई ऐसा ट्वीट कर देती हैं जो सुर्खियां बटोरता है। अब हाल ही में अभिनेत्री ने साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण को आंध्र प्रदेश का सीएम बता दिया था। इसके बाद से उर्वशी रौतेला को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। लोगों द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद अभिनेत्री ने अपनी गलती को सुधार लिया है और ट्वीट को सही कर दिया है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर उर्वशी का एक ट्वीट जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'हमारी फिल्म ब्रो द अवतार में आंध्र प्रदेश के सम्मानित मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करके खुशी हुई। कल 28 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज होने वाली इस फिल्म की कहानी एक घमंडी इंसान के बारे में है जिसे मौत के बाद अपनी गलतियों को सुधारने का दूसरा मौका दिया जाता है।' इस ट्वीट के सामने आने कके बाद से सोशल मीडिया पर अभिनेत्री के सामान्य ज्ञान और आईक्यू लेवल पर भी सवाल किया जा रहा है।

उर्वशी का यह ट्वीट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ट्रोल होने के बाद उर्वशी ने अपनी गलती को सुधार लिया है और पवन कल्याण के नाम के आगे से आंध्र प्रदेश के सीएम हटा लिया है। अब उन्होंने पवन कल्याण के नाम के बाद गारू (बड़ा भाई) लिखा है। उर्वशी रौतेला की इस फिल्म की बात करें तो ब्रो द अवतार तमिल फिल्म विनोदया सीथम का रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशन समुथिरकानी ने किया है। 28 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली इस फिल्म में उर्वशी स्पेशल सॉन्ग में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में पवन कल्याण और साईं धर्म तेज भी हैं।

# कंगना रणौत का फिल्म पर सीधा कटाक्ष
## रणवीर को बताया कार्टून और करण को दी रिटायरमेंट की सलाह

**करण** जौहर ने फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के साथ बतौर डायरेक्टर वापसी की है। आलिया भट्ट और रणवीर सिंह स्टारर इस मूवी ने 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक दी। एक तरफ क्रिटिक्स समेत फैंस फिल्म की सराहना कर रहे हैं। तो वहीं, कुछ लोग इसे लेकर नेगेटिव रिएक्शन भी दे रहे हैं। वहीं, मूवी रिलीज के बाद से ही कंगना रणौत एक्टिव हो गई हैं, और एक के बाद एक नोट लिखकर इस पर निशाना साध रही हैं। मूवी रिलीज के साथ ही कंगना रणौत ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर नोट लिखकर बिना नाम लिए इस पर तंज कसा था। वहीं, अब कंगना फिर से मूवी पर कटाक्ष करती नजर आई हैं। शनिवार को, कंगना रणौत ने खुले तौर पर करण जौहर की 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' पर अपने विचार साझा किए। कंगना ने निमार्ताओं की आलोचना की, और फिल्म को 'डेली सोप' बता दिया। कंगना रणौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर नोट लिखा, 'भारतीय दर्शक परमाणु हथियार की उत्पत्ति और परमाणु विज्ञान की पेचीदगियों पर तीन घंटे लंबी फिल्म देख रहे हैं, और यहां नेपो गैंग का वही सास बहू का रोना, लेकिन उन्हें डेली सोप बनाने के लिए 250 करोड़ की जरूरत क्यों है।' कंगना रणौत यहीं नहीं रुकीं और आगे लिखा, 'दूसरी बार एक ही फिल्म बनाने के लिए करण जौहर को शर्म आनी चाहिए। खुद को भारतीय सिनेमा का ध्वजवाहक कहना, और लगातार इसे पीछे ले जाना। पैसा बर्बाद मत करो, यह इंडस्ट्री के लिए आसान समय नहीं है, रिटायर हो जाओ।' अब युवा फिल्म निमार्ताओं को नई और क्रांतिकारी फिल्में बनाने दें।




# कौन हैं बिहार की फलक खान जिनकी फिल्म 'चम्पारण मटन' ऑस्कर के लिए हुई सिलेक्ट? जानिए सबकुछ

**अमेरिका** की अकेडेमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के द्वारा आयोजित अकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर दुनिया के सबसे सम्मानित अवॉर्ड्स में से एक है, जिसे जीतने का नहीं, बल्कि इससे जुड़ने का सपना भी सिने जगत से जुड़े हर सितारे का होता है। हाल ही में, बिहार की रहने वाली अदाकारा का नाम ऑस्कर अवॉर्ड से जुड़ा है। इस बार भारत की ओर से कई सितारों और फिल्मों का नाम ऑस्कर अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में शामिल है, जिसमें से एक बिहार की रहने वाली अभिनेत्री फलक खान स्टारर फिल्म 'चम्पारण मटन' भी है।

फलक अपनी फिल्म 'चम्पारण मटन' के ऑस्कर अवॉर्ड में पहुंचने को लेकर काफी ज्यादा चर्चा में हैं। दिलचस्प बात ये है कि ये मूवी ऑस्कर के स्टूडेंट अकेडमी अवॉर्ड्स 2023 के सेमीफाइनल में शामिल हो गई है। स्टूडेंट अकेडमी अवॉर्ड्स को चार कैटेगरी में बांट दिया गया है। फलक खान की शॉर्ट फिल्म 'चम्पारण मटन' नैरेटिव कैटेगरी में सिलेक्ट हुई है। नैरेटिव समेत तीन कैटेगरी में शामिल होने वाली 'चम्पारण मटन' पहली भारतीय फिल्म भी बन गई है। इस साल अवॉर्ड फंक्शन में फिल्म ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स की तरफ 1700 फिल्में नॉमिनेट हुई थीं।

### क्या है चम्पारण मटन की कहानी?

पुणे स्थित फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के रंजन कुमार ने 'चम्पारण मटन' का निर्देशन किया है। महज आधे घंटे की फिल्म पूरी कहानी को अच्छे से दशार्ती है। ये कहानी लॉकडाउन की वजह से गई नौकरी के बाद अपने गांव लौटे एक ऐसे परिवार की है, जो बाद में चम्पारण मटन की शुरूआत करता है। मूवी इसी के ईर्द-गिर्द घूमती कहानी है। अचानक लाइमलाइट में आईं 'चम्पारण मटन' की लीड हीरोइन फलक खान के बारे में बात करें तो वह बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली हैं। फलक ने इंजीनियरिंग कॉलेज एमआईटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने मुंबई से एमबीए भी किया है। एमबीए करने के बाद उन्हें फिल्में करने का शौक हुआ और अब वह अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रही हैं।



मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com